# पर्यटन अध्ययन

## सीटीएस

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2024)

## टीएस–1 और टीएस–2

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# सीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

**नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

**सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश**

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

प्रो. (डॉ.) पारोमिता शुक्लावैद्या
कार्यक्रम संयोजक, सीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तारीख | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तारीख |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2024 | अक्तूबर 15, 2024 |
| टीएस–2 | अप्रैल 15, 2024 | अक्तूबर 15, 2024 |

# टीएस–1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1 कार्यक्रम :सीटीएस
कुल अंक : 100 सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1/टीएमए/2024

---

**नोटः** इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

1. पर्यटन को परिभाषित करें। पर्यटन के विभिन्न स्वरूपों एवं प्रकारों की व्याख्या करें। 20
2. आवास के विभिन्न प्रकार क्या हैं? क्या पेइंग गेस्ट आवास पर्यटन अद्योग के लिए फासदेमंद है? 20
3. भारत में पर्यटन नीति एवं नियोजन की आवश्यकता क्यों हैं? 20
4. वे कौन से कारक हैं जिन्हें आधुनिक पर्यटन के विकास में बाधाओं के रूप में पहचाना जाता है? 20
5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: 2x10=20

   क) पर्यटन का उद्देश्य

   ख) पर्यटन में मौसम की भूमिका

   ग) पर्यावरण पर पर्यटन का प्रभाव
6. बताएं कि संग्रहालय किस प्रकार पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हो सकते हैं। उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर का समर्थन करें। 20
7. एक पर्यटक गाइड के कर्तत्व क्या हैं? एक अच्छा टूर गाइड बनने के लिए कौन से कौशल आवश्यक है?20
8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें: 2x10=20

   क) सिल्क रूट (Silk Route)

   ख) ग्रैंड टूर (Grand Tour)

   ग) वहन क्षमता (Carrying Capacity)

   घ) वैकल्पिक पर्यटन (Alternative Tourism)
9. पर्यटन उद्योग में इतिहास की भूमिका स्पष्ट करें। उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 20
10. संख्यिकी से आप क्या समझते हैं? पर्यटन में योजना बनाने के लिए सांख्यिकी की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। 20

टीएस–2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–2 | कार्यक्रम : सीटीएस
कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–2 / टीएमए / 2024

---

**नोटः** इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

1. विभिन्न कारकों का वर्णन करें जिनका विश्लेषण जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल और पर्यटन योजना में उनके महत्व का अध्ययन करने के लिए किया जाता है। 20
2. कुछ सामान्य समस्याएं लिखें जिनका सामना एक टूर ऑपरेटर को शहर का दौरा करते समय करना पड़ सकता है?
3. "सहभागी पर्यटन गतिविधि पर्यटकों की संतुष्टि के स्तर को बढ़ा सकती है"। कथन पर चर्चा करें और उपयुक्त उदाहरण दें। 20
4. पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए साहसिक(adventure) और खेलों (sports) के महत्व पर चर्चा करें। 20
5. वन्य जीवन और पर्यटन के बीच संबंध पर चर्चा करें। किसी अभयारण्य का दौरा करते समय क्या करें और क्या न करें के बारे में विस्तार से बताएं। 20
6. इस पर संक्षिप्त नोट्स लिखें : 2X10=20
   i) जातीय पर्यटन
   ii) पर्यटन में मेलों एवं त्यौहारों का महत्व।
7. पर्यटन उद्योग में प्रचारात्मक गतिविधियाँ कैसे आयोजित की जाती हैं? उदाहरण सहित समझाइये। 20
8. PATA और ट्रैवल मार्ट पर एक निबंध लिखें। 20
9. पर्यटन में राजमार्ग सेवाओं से आप क्या समझते हैं? उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20
10. इस पर संक्षिप्त नोट्स लिखें: 2X10=20
    i) हेरिटेज होटल
    ii) तीर्थयात्रा पर्यटन